कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार

सं.- हि.अ./ले.प./प्रहरी/34/अंक 66/2021-22/B-12 दिनांकः 11/05/2023

कार्यालय आदेश

विषयः "प्रहरी" पत्रिका के 69वें अंक के प्रकाशनार्थ रचनाओं हेतु आमंत्रण।

त्रैमासिक कार्यालयीन पत्रिका "प्रहरी" के 69 वें अंक का प्रकाशन किया जाना है, अतः कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिन्दी में स्वरचित आलेख, निबंध, कहानी, कविता, लघुकथा, हास्य व्यंग्य, संस्मरण, यात्रा वृतांत आदि आमंत्रित की जाती है। विभागीय विषयों, राजभाषा एवं कार्यालय से संबंधित रचनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

रचनाएँ सादे कागज पर सुस्पष्ट लिखित/टंकित होनी चाहिए। रचना के मौलिक होने का प्रमाणपत्र के साथ रचनाकार की एक छायाचित्र एवं मोबाइल नंबर के उल्लेख के साथ हिन्दी अनुभाग या मनोज कुमार नं0 – 01, (संपादक 'प्रहरी') वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (मोबाइल नं0 – 943142155) को समर्पित की जा सकती है। प्रकाशित रचनाओं के रचनाकारों को मानदेय देने का भी प्रावधान है।

कार्यालयीन पत्रिका के प्रकाशन में कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता अपेक्षित है।

सभी वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पत्रिका प्रकाशन में सहयोग हेतु प्रेरित करें एवं अवगत करायें।

हस्ता/-

उपमहालेखाकार (प्रशासन)

दिनांक – 11.05.2023

सं. हि. अ./ले. प./प्रहरी/34/अंक66/2021-22/

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित :

- प्रधान महालेखाकार (ले. प.) का सचिवालय।
- उपमहालेखाकार (प्रशासन) का सचिवालय।
- सभी उपमहालेखाकार का सचिवालय।
- सभी अनुभाग।
- सूचना पट्ट/कार्यालय का वेबसाईट।

11/5/23

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/हिंदी